सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही बरतने वाले दो सचिव निलंबित

7 उपयंत्रियों एवं 3 एडीईओ, 13 पंचायतों के सचिव, जीआरएस को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

श्योपुर,16जुलाई। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है तथा सभी को निर्देष दिये गये है कि सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परतापूर्वक गंभीरता से किया जायें। इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सीएम हेल्पलाइन षिकायतों के निराकरण में रूचि नही लेने एवं कार्यो में लापरवाही के चलते जहां दो पंचायत सचिवों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है, वही जनपद पंचायतों के 7 उपयंत्रियों, 3 एडीईओ सहित 13 पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायको को कारण बताओं नोटिस जारी किये गये है। जारी आदेष के अनुसार जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहर के सचिव सोबरन कुषवाह तथा ग्राम पंचायत जाखेर के पंचायत सचिव राजेष जादौन को षासकीय कार्यो में लापरवाही तथा सीएम हेल्पलाइन में रूचि नही लेने के चलते निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनो सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयपुर किया गया है। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में षिकायतों के निराकरण नही करने पर जनपद पंचायत कराहल के उपयंत्री अजीत गिरी, जनपद पंचायत ष्योपुर के दीपक धाकड एवं प्रेमनारायण राठौर, जनपद पंचायत विजयपुर के रामेष्वर गुप्ता, रामनिवास धाकड, षरद उच्चारिया एवं प्रियंका जादौन, सहा. विकास विस्तार अधिकारी जनपद ष्योपुर अमन षिवहरे, एडीईओ विजयपुर अभिनंदन भदौरिया एवं देवेन्द्र प्रजापति को कारण बताओ नोटिस दिये गये है। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयपुर के ग्राम पंचायत पार्वती बडौदा, गसवानी, गढी, वीरपुर, रघुनाथपुर, देवरी, लाडपुरा, इकलौद, फ्हारा, सहसराम, कींजरी, आरोदा एवं मैदावली के पंचायत सचिवों तथा जीआरएस को नोटिस जारी किये गये है।

वैश्णो देवी भक्त मंडल की झंडा यात्रा शुरू

श्योपुर। जिले की बडौदा तहसील मुख्यालय से बुधवार को दोपहर 12 बजे माता वैश्णोदेवी को ध्वज समर्पित करने हेतु प्रतिवर्श की भांति इस वर्श भी बाइक यात्रा रवाना हो गई। इस मौके पर गणेष चौक पर माता बडवासन मैया के दरबार में ध्वज पूजन किया गया एवं यात्रियों को रवानगी दी गई। जानकारी देते हुए स्थानीय भक्त पं. रमेषचंद शर्मा पायलट ने बताया कि प्रतिवर्श बडौदा क्षेत्र से एक दर्जन से अधिक माता वैश्णोदेवी के भक्त झंडा चढ़ाने के लिए भक्त यात्रा करते हैं, जिनकी यात्रा बुधवार से षुरू हो गई, जो गुरूवार को ष्योपुर के भक्तो के साथ एक साथ रवाना होंगे। इस बार भक्त मंडल द्वारा बाबा अमरनाथ के दर्षनो के लिए भी जायेंगे जहां माता वैश्णोदेवी एवं बाबा अमरनाथ से क्षेत्र में सुख, षांति और समृद्धि की कामना करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से भक्तगण रामलखन नपाखेडली, अषुं षुक्ला सहित बडी संख्या में भक्तगण एवं कस्बावासी मौजूद रहे, जिन्होंने सभी यात्रियों को माला पहनाकर शुभकामनाऐं दी।

सूने घर से 20 ग्राम सोना और 400 ग्राम चांदी की चोरी

कृष्णा पैलेस के सामने घर में बोला चोरो ने धावा, थाने में की शिकायत

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 15 जुलाई। शहर में विकास नगर कृश्णा पैलेस के सामने स्थित एक घर में चोरो ने मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात्रि 2 बजे धावा बोलते हुए सूने घर में ताला तोड़कर करीब 20 ग्राम सोने के जेवरात समेत 400 ग्राम चांदी के आभूशण चोरी कर लिये। मामले की षिकायत कोतवाली थाने में की है, जिसमें पुलिस ने विवेचना षुरू कर दी है।

थाने में षिकायत करते हुए विषाल मंगल ने बताया कि उसके फुफ्फाजी हरिषचंद गर्ग का कृश्णा पैलेस के पास एक घर हैं, जिससें बीते कुछ दिनो से ताला लगा हुआ था, क्योंकि उसके फुफ्म जी का

स्वास्थ्य खराब होने के चलते वे अपने पुत्र के पास दिल्ली चले गये हैं और घर में ताला डला हुआ था, मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात्रि में चोरी हो गई, जिसकी सूचना पडौस में रहने वाले लोगो ने उन्हें दी थी, जिसके बाद वे घर पहुंचे तो पूरा सामान बिखरा हुआ पड़ा था और घर में रखे 20 ग्राम सोने के जेवरात एवं 400 ग्राम चांदी के आभूशण चोर चोरी कर ले गये हैं। जिसकी जांच कर चोरो को पकड़ कर कार्यवाही की जाये। इस मामले में पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना करते हुए विवेचना शुरू कर दी है।

एसपी ने तीन आरोपियों पर किया ईनाम घोषित

श्योपुर। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेषन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त षक्तियो का उपयोग करते हुए दो आरोपियों पर 10-10 हजार तथा एक अरोपी पर 5 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेष के अनुसार फ्हार आरोपी महेन्द्र पुत्र उम्मेद सिंह परमार निवासी ग्राम सेवर थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर राजस्थान एवं आरोपी बलवीर पुत्र लोकमन गुर्जर निवासी खाईदार मौजा फुदिन्ना थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर राजस्थान पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है। उक्त आरोपियों पर थाना ढोढर में धारा 119(1), 115(2), 351(3), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 47/25 पंजीबद्ध है। इसी प्रकार एक अन्य आरोपी महावीर उर्फ जितेन्द्र मोगिया पुत्र रामदयाल मोगिया निवासी करिरिया थाना सीसवाली जिला बांरा राजस्थान पर 5 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है, उक्त आरोपी पर थाना बडौदा में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 106/25 पंजीबद्ध है।

वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर,16जुलाई। शहर के बायपास रोड स्थित आरसेटी प्रषिक्षण केन्द्र पर मंगलवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित आरोह फ्राउंडेषन द्वारा वित्तीय साक्षरता को लेकर प्रषिक्षण आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभागियों को बचत एवं निवेष के बारे में प्रषिक्षित किया गया।

आरोह फ्राउंडेषन के हेमंत लाडिया ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं निवेष को लेकर जनजागरूकता की जा रही है, जिसे लेकर प्रषिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अटल पेंषन योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रषिक्षक हर्श भार्गव, कोमल एवं महेष षर्मा द्वारा प्रतिभागियों को प्रजेंटेषन के माध्यम से वित्तीय एवं निवेष के विभिन्न चरणो के बारे में अवगत कराया गया साथ ही बताया गया कि प्रतिभागी क्षेत्र में आमजन को जागरूक करें और सायबर अपराध से बचने के लिए टिप्स भी दिये गये, उन्होंने बताया कि वर्तमान में देष के विभिन्न हिस्सों से फर्जी कॉल कर लोगो को वित्तीय नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसे लेकर जागरूक किया जाये और ऐसे किसी भी कॉल का जवाब ना देने की जानकारी दी जाये।

सहकारिता कर्मचारियों की लम्बित मांगे जल्द करें पूर्ण

सहकारिता कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

श्योपुर,16जुलाई। मप्र सहकारिता कर्मचारी समिति महासंघ ने आज बुधवार को दोपहर 2 बजे जिला कलेक्टेऊट पर प्रदर्षन करते हुए अपनी लम्बित मांगो के जल्द पूर्ण कराये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपते हुए सहकारिता कर्मचारी समिति के जिलाध्यक्ष हरिओम गूर्जर ने बताया कि सहकारिता विभाग द्वारा पूर्व में दिये गये पत्र के आधार पर सहकारिता कर्मचारियों की मांगे आज दिनांक तक लम्बित है, जिनका निराकरण कराये जाने को लेकर विभाग बिल्कुल भी गम्भीर नजर नहीं आता, जिसके विरोध स्वरूप मप्र सहकारिता कर्मचारी समिति द्वारा आगामी 23 जुलाई को एक दिवसीय मुख्यमंत्री निवास पर आंदोलन, चक्काजाम एवं घेराव कर प्रदर्षन करेंगे, उन्होंने बताया कि प्रदेषभर के 55000 कर्मचारी लम्बित समस्याओं को लेकर कई वर्शों से आंदोलन करर रहे हैं, लेकिन षासन, प्रषासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही जिसके बाद मजबूरी में कर्मचारी महासंघ को आंदोलन की राह पर उतरना पड़ रहा है, ज्ञापन में मांग की गई कि 60 प्रतिषत कर्मचारियों का जिला बैंको में चयन किया जाये, अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता 18 माह का 54000 रूपये जो मात्र 18 जिलो को मिला है एवं 34 जिलो को मिलना षेश हैं, उनको तत्काल दिलाया जाये वहीं बढ़ा हुआ वेतन जिलो के कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है उन्हें तत्काल भुगतान कराया जाये। ज्ञापन देने वालो में जिलाध्यक्ष हरिओम गुर्जर सहित जिला महासचिव रामेष्वर मीणा, महासचिव महावीर नागर, जिला विधि सलाहाकार वीरेन्द्र षर्मा, बनवारीलाल मीणा, राजू षर्मा, दिनेष षर्मा, किषन सेन, देवेन्द्र शर्मा, नरेष शर्मा आदि शामिल थे।

पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें-कलेक्टर

इंडस्ट्रियलिस्ट खरीदेंगे 5-5 हजार टन पराली, बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

श्योपुर,16जुलाई। कलेक्टेऊट सभाकक्ष में आज बुधवार को दोपहर 3 बजे कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में पराली फ्री डिस्ट्रिक्ट बनाने की मुहिम को लेकर पराली से पेलेटस बनाने वाले इंडस्ट्रियलिस्ट के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें सीजन-नो पराली के संबंध में विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई, इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर, उप संचालक कृशि जीके पचौरिया, डीपीएम सोहनकृश्ण मुदगल, सहायक संचालक उद्योग षुभम अग्निहोत्री सहित स्थानीय उद्यमी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले में संचालित पराली आधारित उद्योगों के संचालको से चर्चा करते हुए कहा कि अपने-अपने स्तर पर पंजाब से बेलर मषीन उपलब्ध कराने के प्रयास सुनिष्चित किये जायें। उन्होने कहा कि षुरूआत में 5-5 हजार टन पराली स्थानीय इंडस्ट्रियलिस्ट खरीदेंगे, जिसका दो रूपये किलो के हिसाब से

भुगतान भी देय होगा। उन्होने कहा कि पेलेटस बनाने में पराली का उपयोग करने वाले उद्योगों के लिए यह एक अच्छा अवसर है, जिले में धान के रकबे को दृश्टिगत रखते हुए प्रचुर मात्रा में पराली की उपलब्धता है। इस वेस्ट मटेरियल को प्रोसेसिंग के माध्यम से उपयोगी बनाया जा सकता है और पावर प्लांट को सप्लाई किया जा सकता है। इस अवसर पर पराली आधारित उद्योग से जुडे संचालको ने बताया कि जिले में आधा दर्जन के लगभग इंडस्ट्रीज संचालित है, जो पेलेटस और ब्रेकेट बनाने का कार्य कर रहे है। उन्होने जानकारी दी कि धान की पराली से पेलेटस बनाये जायेंगे, जिनकी डिमांड पावर प्लांट के लिए होती है।

बॉयस हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया नशा मुक्ति कार्य क्रम

विजयपुर। आज विजयपुर नगर के बायस हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया नशा मुक्ती कार्य क्रम मैं थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बालक बालिकाओं को नशामुक्त अभियान में सपथ दिलाई ओर बालक बालिकाओं को अपने परिवार ब पड़ोसियों ब गली मोहल्लेवासियों को नशा न करने बाबत समझाने की नशा से मनुष्य को सारी रिक हानि होती है ,नशा की लत बुरी है , मध्यप्रदेश शासनादेश के तहत कल पुलिस दुआरा पैदल रैली निकाल कर नगर में नशामुक्त अभियान अंतर्गत आम नागरिकों को सन्देश दिया ।

एसपी ने तीन आरोपियों पर किया ईनाम घोषित

श्योपुर। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन द्वारा मप्र पुलिस रेगुलेषन के पैरा क्रमांक 80-बी(1) में प्रदत्त षक्तियो का उपयोग करते हुए दो आरोपियों पर 10-10 हजार तथा एक अरोपी पर 5 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेष के अनुसार फ्हार आरोपी महेन्द्र पुत्र उम्मेद सिंह परमार निवासी ग्राम सेवर थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर राजस्थान एवं आरोपी बलवीर पुत्र लोकमन गुर्जर निवासी खाईदार मौजा फुदिन्ना थाना सोने का गुर्जा जिला धौलपुर राजस्थान पर 10-10 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है। उक्त आरोपियों पर थाना ढोढर में धारा 119(1), 115(2), 351(3), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 47/25 पंजीबद्ध है। इसी प्रकार एक अन्य आरोपी महावीर उर्फ जितेन्द्र मोगिया पुत्र रामदयाल मोगिया निवासी करिरिया थाना सीसवाली जिला बांरा राजस्थान पर 5 हजार रूपये का ईनाम घोशित किया गया है, उक्त आरोपी पर थाना बडौदा में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध क्रमांक 106/25 पंजीबद्ध है।

स्कूल वाहन सहित दो मैजिक वाहन जब्त

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्षन में परिवहन विभाग ष्योपुर द्वारा यात्री बसों एवं अन्य वाहनों की चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें विषेश रूप से स्कूली वाहनो की चैकिंग की गई जिसमें एक स्कूल बस और दो मैजिक वाहन में दस्तावेजो में कमी पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही की गई है। जिन्हें आरटीओ कार्यालय परिसर में रखवाया गया है। जिला परिवहन अधिकारी रंजना कुषवाह ने बताया कि सुरक्षित यातायात की दृश्टिगत एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनो की चैकिंग की जा रही है, जिसमें बुधवार को ष्योपुर-बडौदा एवं ष्योपुर-खातौली मार्ग पर स्कूल बस एवं अन्य वाहनों की चैकिंग की गई।

दतिया

माँ और प्रकृति दोनो ही जीवन का मूल आधार हैं : पाठक

नवभारत न्यूज

दतिया, 16 जुलाई। प्रकृति का बचाने के लिए हमें जायदा से जायदा पौधा रोपण करना चाहिए और प्रकृति के संवेदनशील रहना चाहिए। क्योंकि पेड़ से हमे शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति एक पौधा आवश्य लगाए और उसकी देखभाल बच्चों की तरह करें। साथ ही प्रकृति के प्रति संवेदनशील भी रहना जरूरी है। एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है कि जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान है। माँ और प्रकृति दोनो ही जीवन का मूल आधार है उक्त बात ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला दतिया द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ग्राम भारती के प्रांत प्रमुख हंस पाठक ने कार्यकरणी के सदस्यों के साथ वृक्षारोपण करते हुए कही।

अध्यक्षता करते हुए ग्राम भारती शिक्षा समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद पुजारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। जिससे हमारे पृथ्वी का वातावरण स्वच्छ व सुंदर हो सके व वर्तमान समय में ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात पाया जा सके। इस दौरान सभी ने पीपल का वृक्ष लगाकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। बैठक में सह प्रांत प्रमुख रामदयाल लहरपुरे, जिला सचिव सुरेश रावत, जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर, सदस्य रामबिहारी दुवे, श्रीमती कल्पना तिवारी उपस्थित रही।

इंदरगढ़ गल्ला मंडी में किया गया वृक्षारोपण : मंडी पृष्ठ अधिकारियों के निर्देश द्वारा आज दिनांक 14 जून को इंदरगढ़ गल्ला मंडी में मंडी कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें कई प्रकार के वृक्ष मंडी प्रांगण में लगाए गए इस अवसर पर इंदरगढ़ मंडी प्रभारी बृजराज सिंह जादौन, बीपी सिंह चौहान, दीपक राजपूत, आरती राजपूत, सत्यम शर्मा, अंकित जाट, भूदेव शर्मा, दिलीप तिवारी, आदित्य शर्मा, बंटी श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

पंचायत में वृक्षारोपण हेतु सरपंच एवं सचिव से मांगी सार्वजनिक भूमि

भांडेर। अनुभाग क्षेत्र के ग्राम भलका पंचायत में वृक्षारोपण हेतु सार्वजनिक भूमि आवंटन के लिए बैकुंटी देवी सेवा संस्थान के द्वारा भलका सरपंच एवं सचिव को पत्र लिखकर मांग करते हुए बताया गया कि संस्था द्वारा ग्राम विकास एवं पर्यावरण सरंक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाना है इसलिए ग्राम पंचायत के स्वामित्व वाली उपयुक्त खाली भूमि में से कुछ भाग हमें प्रदान किया जाए द्य जिससे हम वहाँ पर वृक्षारोपण कर सकें द्य उक्त भूमि का व्यक्ति गत उपयोग नहीं किया जायेगा द्य आवेदन देने वालों में डॉ. पवन राणा, सहित समस्त बैकुंटी देवी सेवा संस्थान सदस्य गण उपस्थित रहे।

शा. महाविद्यालय इन्दरगढ़ में 'ग्रोकल्पवृक्ष' अभियान के तहत वृक्षारोपण

इन्दरगढ़ के शासकीय महाविद्यालय में 'ग्रोकल्पवृक्ष' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया, जिसकी शुरुआत दीपेंद्र सिंह यादव द्वारा की गई है। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रभावशाली प्रयास है, जिसका उद्देश्य है — हर घर एक पेड़ लगाना और लोगों को हरियाली के प्रति जागरूक बनाना। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में औषधीय, छायादार और फलदार पौधे लगाए गए, जिससे छात्रों और शिक्षकों में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संदेश गया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. निलय गोस्वामी, क्रीड़ा अधिकारी राघवेंद्र यादव, ध्रुव नीखरा, बंटी भैया सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया ।

स्वच्छता को बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी : तिवारी

दतिया। बुधवार को जन शिक्षण संस्थान दतिया के द्वारा संपूर्ण स्वच्छता अभियान स्वच्छता पखबाडे के साथ प्रारंभ किया गया इस कार्यक्रम का शुभांराभ मॉ सरस्वती की पूजा कर प्रारांभ किया गया जन शिक्षण संस्थान दतिया कि निदेशक श्रीमति निधि तिवारी ने इस अभियान के उददेश्य बताते हुये कहा कि यह पखबाडा 16 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाता है इसके अंतर्गत पोस्टर मेंकिंग, बैंग मेकिंग, वेस्ट मटेरियल से वनी निर्मित बस्तुऐ, रैली, वृक्षारोपण, जागरूकता कार्यक्रम किये जाने है। उन्होने स्वच्छता को हर नागरिक की जिम्मेदारी बनाना, कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से सफ्ाई और स्वच्छता को बढावा देना स्वच्छता से जुड़े नये रोजगार के अवसरो के बारे में बताया। 150 प्रशिक्षार्थियों ने स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया ।



आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के मार्ग पर जलभराव ,मरीज परेशान

नवभारत न्यूज

भांडेर,16जुलाई। शहर के आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों भारी जलभराव की समस्या से जूझ रहा है, जिससे मरीजों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद से लगातार पानी जमा होने के कारण रास्ता कीचड़युक्त और दुर्गम हो गया है। मरीजों को इलाज के लिए केंद्र तक पहुंचने में न केवल कठिनाई हो रही है, बल्कि बुजुर्गों और महिलाओं के लिए यह रास्ता और भी अधिक जोखिमभरा बन गया है।

स्वास्थ्य केंद्र आने वाले मरीजों ने बताया कि पहले से ही बीमार हालत में जब सड़क पर घुटनों तक पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है तो स्थिति और भी खराब हो जाती है। कई बार मरीजों की चप्पलें फिसल जाती हैं और गिरने की नौबत आ जाती है। रिक्शा व बाइक चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि जलभराव के कारण वाहन फंस जाते हैं या फिसल जाते हैं। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायतों के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। सिर्फ बारिश के बाद अस्थायी पंपिंग की जाती है, लेकिन नाली की साफ-सफ्ाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से हर वर्ष यही स्थिति बनती है। आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफने भी स्थिति पर चिंता जताई है और कहा है कि मरीजों की संख्या में कमी आने लगी है क्योंकि लोग रास्ते की दुर्दशा देखकर आने से कतराने लगे हैं।

इस समस्या को लेकर नगर के जागरूक नागरिकों ने जल्द से जल्द जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नगर परिषद समय रहते नहीं चेती तो संक्रमण और अन्य बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

जब पुण्य तीन गुना हो जाते हैं तब हमें गुरु या शिक्षक बनने का सौभाग्य प्राप्त होता है : द्विवेदी

नवभारत न्यूज

दतिया,16जुलाई। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतगढ़ में हिंदू संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान कराने और भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य आज भारतीय शिक्षण मंडल इकाई के द्वारा व्यास पूजा का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में मुक्ति के रूप में भारतीय शिक्षा मंडल प्रांतीय उच्च शिक्षा प्रमुख एवं प्राध्यापक महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर महाविद्यालय ग्वालियर, डॉ रवि द्विवेदी, स्वदेश स्तंभकार एवं प्राध्यापक माधव लॉ कॉलेज ,डॉ जगमोहन द्विवेदी विशिष्ट अतिथि हिंदी प्राध्यापक डॉ राहुल श्रीवास्तव, इंद्रप्रकाश खरे प्रमुख रूप से उपस्थित हुए । कार्यक्रम के आरंभ में सभी अतिथियों ने सरस्वती पूजन और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर संगीतमय सरस्वती वंदना गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । तत्पश्चात अतिथियों का सम्मान विद्यालय के भैया बहनों द्वारा गुरु शिष्य परंपरा के अनुसार किया गया ।कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में विद्यालय के प्राचार्य प्रबंधक मनोज गुप्ता ने अपने वक्तव्य में गुरु और शिष्य के बीच गुरु में गुरु तत्व और शिष्य में विद्या अर्जन करने के लिए श्रद्धा भाव होने पर बल दिया तथा श्रद्धा से कैसे एक छात्र एक अच्छा शिष्य, शिक्षक और गुरु बन सकता है और देश का समाज का कैसे कल्याण कर सकता है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ श्री रवि द्विवेदी ने विद्यार्थियों को व्यास पूजा के महत्व को बताया एवं महर्षि वेदव्यास के जन्म दिवस के रूप में हम इस पूर्णिमा को मानते हैं भारतीय शिक्षा मंडल के अनुसार पूर्णिमा से लेकर 24 तारीख तक व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है शिक्षा , शिक्षण में आत्मीयता लाने की बात करती है और भारतीय शिक्षा मंडल हमेशा से यह कहता है कि जब हम बहुत पुण्य कमा लेते हैं तब हमें मनुष्य का जीवन मिलता है और जब हमारे पुण्य दो गुना हो जाते हैं तब हमें भारत भूमि में जन्म मिलता है और जब पुण्य तीन गुना हो जाते हैं तब हमें गुरु या शिक्षक बनने का सौभाग्य प्राप्त होता है अंत में मुख्य अतिथियों का आभार इकाई प्रमुख दीदी श्रीमती कामिनी सिंह राठौड़ द्वारा व्यक्त किया गया।

एडवोकेट भरत सिंह सोलंकी बने सवर्ण आर्मी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष

इन्दरगढ़। सवर्ण समाज में जागरूकता लाने एवं सवर्ण समाज में एकता लाने के उद्देश्य लेकर चलने वाला संगठन सवर्ण आर्मी मध्यप्रदेश में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर सवर्णों के हक की लड़ाई के लिए मैदान में है जिसमें सवर्ण समाज के युवा बढ़ चढ़कर जुड़ रहे हैं। मध्यप्रदेश में संगठन ने विशाल रूप ले लिया है। इसी क्रम में सवर्ण आर्मी मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पं. विकास दुबे ने दतिया जिले में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए एडवोकेट भरत सिंह सोलंकी को ग्रामीण जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। भरत सिंह सोलंकी लगातार समाज सेवा में सक्रिय रहने वाले युवा हैं एवं सेवढ़ा विधानसभा से आम आदमी पार्टी से प्रत्याशी रहे ।

आम सूचना

श्रीमती सुनिता देवी पत्नी श्री जानकीशरण के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र. 357(पी) पर निर्मित भवन, स्थित ग्राम सोलन भितारी, प.ह.नं.26, तहसील भाण्डेर एवं जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.1281 (बी) ग्राम सोलन भितारी का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1334.24 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में भवन कल्लू गोस्वामी, उत्तर में-भवन शीतल प्रसाद श्रीवास्तव एवं दक्षिण में रास्ता है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती बृजरानी पत्नी श्री खुशाली द्वारा जानकीशरण (नाबालिग पुत्र श्री भगवानदास सरपरस्त श्री शीतल प्रसाद पुत्र श्री रामचरन श्रीवास्तव को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.333 दिनांक 16.06.1997 से विक्रय की गई। श्री जानकीशरण द्वारा उक्त सम्पति के संबंध में श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री जानकीशरण के हित में ई-रजिस्टर्ड हकत्याग विलेख क्र. एमपी 22 आईजीआर 17182025ए100571621 दिनांक 04.07.2025 को सम्पादित किया गया। श्रीमती सुनीता देवी द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम, निकाय को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710